**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा अभियान**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 107**
**उत्तर देने की तारीख: 25.07.2022**

## आदर्श डिग्री महाविद्यालय

**†*107. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के अनेक जिलों में आदर्श डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना करने का निर्णय लिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा स्थापना के लिए कितने आदर्श डिग्री महाविद्यालय संस्वीकृत किए गए हैं और ऐसे जिलों का ब्यौरा क्या है जिनमें इन महाविद्यालयों को स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;
(ग) क्या असम के जिलों, विशेषकर धुबरी, गोवालपारा, दक्षिण सलमारा तथा मनकाचर जिलों को ऐसे जिलों की सूची में शामिल किया गया है जिनमें केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत आदर्श डिग्री महाविद्यालय स्थापित किए जाएंगे; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्री**
**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ) **:** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***

**'आदर्श डिग्री महाविद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री एम. बदरुद्दीन अजमल द्वारा दिनांक 25.07.2022 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 107 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (घ) **:** केंद्रीय प्रायोजित योजना – राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत आदर्श डिग्री महाविद्यालयों (एमडीसी) की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता दी जाती है। रूसा के तहत जिलों का चयन योजनापरक दिशानिर्देशों के आधार पर राज्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार और उनके साथ परामर्श करके किया जाता है। रूसा के तहत, अब तक, असम के धुबरी जिला सहित विभिन्न जिलों में 130 एमडीसी की स्थापना के लिए केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी गई है। अनुमोदित एमडीसी का जिला-वार विवरण अनुलग्नक –I में दिया गया है। इसके अलावा, गोलपाड़ा और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले में एक-एक एमडीसी सहित 64 एमडीसी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तत्कालीन योजना 'शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों (ईडीबी) में नए मॉडल कॉलेजों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना', जिसका अब रूसा में विलय कर दिया गया है, के तहत सहायता दिए जाने के लिए अनुमोदित किया गया है। इन जिलों का विवरण अनुलग्नक–II पर दिया गया है।

*****

अनुलग्नक–I

**'आदर्श डिग्री महाविद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री एम. बदरुद्दीन अजमल द्वारा दिनांक 25.07.2022 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *107 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**उन जिलों के नाम जहां रूसा के तहत आदर्श डिग्री महाविद्यालयों (एमडीसी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है–**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **रूसा के तहत स्वीकृत एमडीसी की संख्या** | **उन जिलों के नाम जहां रूसा के तहत आदर्श डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है** |
|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1 | दक्षिण अंडमान |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 8 | पूर्वी गोदावरी, कुरनूल, प्रकाशम, श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम, विजयनगरम, पश्चिम गोदावरी, वाईएसआर कडपा |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2 | लोंगडिंग, नामसाई |
| 4. | असम | 5 | बक्सा, बारपेटा, धुबरी, दीमा हसाओ, उदलगिरि |
| 5. | बिहार | 4 | अररिया, गया, कटिहार, पूर्णिया |
| 6. | छत्तीसगढ | 11 | बीजापुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, कांकेर, कोंडागांव, कोरबा, महासमुंद, नारायणपुर, रायपुर, राजनंदगांव, सुकुमा |
| 7. | हरियाणा | 1 | नूह |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | 2 | चंबा, सिरमौर |
| 9. | जम्मू और कश्मीर | 3 | बारामूला, किश्तवाड़, कुपवाड़ा |
| 10. | झारखंड | 10 | चतरा, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, लातेहर, पाकुड़, रामगढ़, साहिबगंज, सिमडेगा |
| 11. | कर्नाटक | 2 | रायचूर, यादगिर |
| 12. | केरल | 1 | वायनाड |
| 13. | मध्य प्रदेश | 10 | बड़वानी, छतरपुर, दमोह, पूर्वी निमड़, गुना, झाबुआ, राजगढ़, श्योपुर, सिंगरौली, विदिशा |
| 14. | महाराष्ट्र | 2 | नंदुरबार, वाशिम |
| 15. | मेघालय | 2 | ईस्ट गारो हिल्स, रिभोई |
| 16. | नगालैंड | 2 | मोन, मोकोकचुंग |
| 17. | उड़ीसा | 14 | बलांगीर, बौध, देबगढ़, ढेंकनाल, गजपति, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नयागढ़, नुआपाड़ा, रायगड्डा, सोनपुर |
| 18. | पंजाब | 3 | फिरोजपुर, मोगा, पठानकोट |
| 19. | राजस्थान | 5 | बारां, धौलपुर, जैसलमेर, करौली, सिरोही |
| 20. | सिक्किम | 2 | उत्तर, पश्चिम |
| 21. | तेलंगाना | 7 | जयशंकर भूपालपल्ली, कामारेड्डी, खम्मम, कोमाराम भीम आसिफाबाद, महबूबनगर, मंचेरियल, संगारेड्डी |
| 22. | त्रिपुरा | 4 | धलाई, उत्तरी त्रिपुरा, दक्षिण त्रिपुरा, पश्चिम त्रिपुरा |
| 23. | उत्तर प्रदेश | 26 | बदायूं, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, कुशीनगर, ललितपुर, महोबा, मुरादाबाद, पीलीभीत, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, उन्नाव |
| 24. | उत्तराखंड | 3 | चंपावत, हरिद्वार, यू.एस. नगर |
| | कुल | **130** | |

****

**अनुलग्नक-II**

**'आदर्श डिग्री महाविद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री एम. बदरुद्दीन अजमल द्वारा दिनांक 25.07.2022 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *107 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**उन जिलों के नाम जहां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तत्कालीन योजना 'शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों (ईबीडी) में नए आदर्श महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना' के तहत आदर्श डिग्री महाविद्यालयों (एमडीसी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है।**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **स्वीकृत एमडीसी की संख्या** | **उन जिलों के नाम जहां तत्कालीन योजना के तहत आदर्श डिग्री महाविद्यालयों (एमडीसी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है** |
|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 6 | पूर्वी कामेंग, क्रा दादी, लोवर दिबांग घाटी, अप्पर सियांग, अप्पर सुबानसिरी, पश्चिम सियांग |
| 2 | असम | 12 | विश्वनाथ, बोंगाईगांव, कछार, दारांग, गोलपारा, हैलाकांडी, कार्बी आंगलोंग, करीमगंज, मोरीगांव, नगांव, दक्षिण सालमारा-मनकाचर, तिनसुकिया |
| 3 | दादरा और नगर हवेली | 1 | दादरा और नगर हवेली |
| 4 | गुजरात | 19 | अमरेली, बनासकांठा, भरूच, भावनगर, दाहोद (2 इकाइयां), डांगस, जामनगर, जूनागढ़, खेड़ा, मेहसाणा, नर्मदा, पाटन, पोरबंदर, राजकोट, साबरकांठा, सूरत, सुरेंद्रनगर, वलसाड |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | 6 | बडगाम, बारामूला, कठुआ, कुपवाड़ा, पुंछ, राजौरी |
| 6 | लद्दाख | 2 | कारगिल, लेह |
| 7 | महाराष्ट्र | 7 | बुलदाना, गढ़चिरौली, हिंगोली, जालना, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग |
| 8 | पंजाब | 11 | बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, कपूरथला, मानसा, मोगा, मुक्तसर साहिब, पटियाला, एसबीएस नगर, तरण तारन |
| | **कुल** | **64** | |

****